कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

आदेश

02/नि.स्था. (प्रोन्नति–01) – 12/2023,

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 19300 दिनांक 13.10.2023 द्वारा अधिसूचित "अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023" में निहित शर्त्तों के अधीन विभागीय स्क्रीनिंग समिति की दिनांक 24.04.2026 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही की कंडिका–01 (ड॰) द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संवर्ग के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी (मूल कोटि, पे लेवल–07) कोटि के निम्नांकित कर्मियों को वरीयता एवं अर्हता पूरी करने के आधार पर वरीय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी (प्रोन्नति का प्रथम स्तर, पे लेवल–08) के उच्चतर पद का अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार प्रदान किया जाता है :–

क्र.	नाम	वर्तमान पदनाम	वरीयता क्रमांक (2023)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1	श्री गणेश कुमार	सहकारिता प्रसार पदाधिकारी	1059	DQ Eye
2	श्री पंकज कुमार सिंह	सहकारिता प्रसार पदाधिकारी	1060	DQ Eye
3	श्री संजीव कुमार	सहकारिता प्रसार पदाधिकारी	1061	DQ D&D

2॰ उपर्युक्त कर्मियों द्वारा वर्तमान धारित पद को अगले आदेश तक वरीय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी (वेतन स्तर–08) में उत्क्रमित किया जाता है।

3॰ उक्त कार्यकारी प्रभार का आर्थिक लाभ उच्चतर पद पर योगदान की तिथि से अनुमान्य होगा।

4॰ कार्यकारी व्यवस्था की यह प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन सिविल अपील संख्या–4880/2017 राज्य सरकार एवं अन्य बनाम् सुशील कुमार सिंह एवं अन्य तथा अन्य सम्बद्ध वादों में पारित होने वाले अंतिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त्त पर उपरोक्त अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार औपबंधिक रुप से प्रदान किया जा रहा है।

5॰ उपरोक्त आदेश में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह॰/- 5-5-26
(अवधेश कुमार)
अवर सचिव।

ज्ञापांक 4455. 02/नि.स्था. (प्रोन्नति–01) – 12/2023 /पटना, दिनांक 05.05.2026.

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संवर्ग के संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी सहायक निबंधक, स.स. (खादी एवं बुनकर सहित)/जिला सहकारिता पदाधिकारी/संयुक्त निबंधक, स.स./सहकारी बैंक/प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा/सचिव, बिहार स्वावलम्बी सहकारी अधिकरण, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सरकार के उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आप्त सचिव, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– विभागीय आई.टी.मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेव साईट पर अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।

ह॰/- 5-5-26
अवर सचिव।